भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1502

जिसका उत्तर 13.02.2025 को दिया जाना है

राष्ट्रीय राजमार्गों पर दुर्घटनाप्रवण स्थल

1502. श्री चंदन चौहान:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश भर में सरकार/भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा राज्य-वार पहचाने गए दुर्घटनाप्रवण स्थलों (ब्लैक स्पॉट्स) की संख्या की वर्तमान स्थिति क्या है, यदि हां, तो तत्संबंधी राज्यवार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार को पता है कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर इन दुर्घटनाप्रवण स्थलों पर सबसे अधिक दुर्घटनाएं होती हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार ने इन दुर्घटनाप्रवण स्थलों की मरम्मत के लिए कोई उपाय किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्रवार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) पर चिन्हित दुर्घटनाप्रवण स्थलों (ब्लैक स्पॉट्स) का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

(ख) और (ग) दुर्घटनाप्रवण स्थलों को दुर्घटना मुक्त बनाने के लिए, सरकार ने दुर्घटनाप्रवण स्थलों पर तत्काल अल्पकालिक उपाय जैसे कि सड़क चिहनांकन, साइनेज, क्रैश बैरियर, रोड स्टड, डिलिनेटर, मध्य मार्ग को बंद करना, यातायात को नियंत्रित करने के उपाय, आदि करने के लिए कदम उठाए हैं। दुर्घटनाप्रवण स्थलों के स्थायी सुधार के लिए सड़क ज्यामितीय सुधार, जंक्शन सुधार, कैरिजवे का चौड़ीकरण, अंडरपास/ओवरपास का निर्माण आदि जैसे दीर्घकालिक उपाय भी किए गए हैं। राष्ट्रीय राजमार्गों पर पहचाने गए कुल 13,795 दुर्घटनाप्रवण स्थलों में से 9,525 दुर्घटनाप्रवण स्थलों पर अल्पकालिक सुधार उपाय किए जा चुके हैं और 4,777 दुर्घटनाप्रवण स्थलों पर स्थायी सुधार किया जा चुका है।

अनुबंध

"राष्ट्रीय राजमार्गों पर दुर्घटनाप्रवण स्थल" के संबंध में श्री चंदन चौहान द्वारा पूछे गए दिनांक 13.02.2025 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1502 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	**राष्ट्रीय राजमार्गों पर दुर्घटनाप्रवण स्थलों की संख्या**
अंडमान	4
आंध्र प्रदेश	1202
अरुणाचल प्रदेश	9
असम	236
बिहार	355
चंडीगढ़	7
छत्तीसगढ़	257
दमन और दीव	1
दिल्ली	132
गोवा	47
गुजरात	373
हरियाणा	144
हिमाचल प्रदेश	226
जम्मू और कश्मीर	200
झारखंड	263
कर्नाटक	1217
केरल	692
मध्य प्रदेश	674
महाराष्ट्र	642
मणिपुर	27
मेघालय	55
मिजोरम	2
नागालैंड	40
ओडिशा	568
पुदुचेरी	69
पंजाब	911
राजस्थान	954
सिक्किम	19
तमिलनाडु	1011
तेलंगाना	1121
त्रिपुरा	22
उत्तर प्रदेश	981
उत्तराखंड	81
पश्चिम बंगाल	1253
कुल	13795

*****